वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषकः—

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

पत्रांकः—3234/परीक्षा/2026

दिनांक : 27.10.2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय— **नोडल केन्द्रों एवं परीक्षा केन्द्रों का सी0सी0टी0वी0 ऑडियो/विडियों, सी0सी0टी0वी0 कण्ट्रोल रुम से जोड़ने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की शैक्षिक सत्र 2026—27 की परीक्षायें नवम्बर के द्वितीय सप्ताह से प्रस्तावित है। परीक्षा को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र को विश्वविद्यालय के सी0सी0टी0वी0 कण्ट्रोल रुम से लिंक किया जाना अनिवार्य है, इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय निम्नलिखित व्यवस्था पूर्ण करना सुनिश्चित करें:—

1. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित साफ्टवेयर DAHUA/CP+/True View का Device अपने परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कमरें में इन्स्टाल करा लें।
2. उसका विवरण विश्वविद्यालय के मेल आई0डी0 **nodalcctv@vbspu.ac.in** तथा वाट्सअप नं0 **9453932365** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर **Device** का विवरण गूगल फार्म के लिंक पर भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. प्रत्येक महाविद्यालय के उपरोक्तानुसार सी0सी0टी0वी0 लिंक होने की सत्यापन दिनांक 30 एवं 31 अक्टूबर को प्रातः 11.00 से 04.00 बजे तक किया जायेगा जिसमें आपके महाविद्यालय को जुड़कर प्रमाण—पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा, यदि कोई महाविद्यालय उपरोक्त में सफलतापूर्वक नहीं जुड़ेगा तो यह मान लिया जायेगा कि उसके केन्द्र पर सी0सी0टी0वी0 नहीं है, तद्नुसार परीक्षा केन्द्र परिवर्तित किये जाने पर विचार किया जायेगा।

उपरोक्त का दिनांक 30 एवं 31 अक्टूबर को विश्वविद्यालय कण्ट्रोल रुम से जुड़कर अपने महाविद्यालय का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

डा0(विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपिः—

1. **निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।**
2. **श्रीमती करुणा निराला, को इस आशय के साथ प्रेषित कि महाविद्यालय में अवस्थित सी0सी0सी0टी0 कैमरों को विश्वविद्यालय के कण्ट्रोल रुम से निर्धारित तिथि तक जोड़ना सुनिश्चित करें।**
3. **प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।**

परीक्षा नियन्त्रक